प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली में आज से फिट इंडिया कार्निवल की शुरूआत।
- राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आज–टीकाकरण के बारे में जागरुकता फैलाने और टीकों से जुड़ी भ्रांतियों दूर करने के लिए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम।
- राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के तहत एमओयू करने वाले निवेशकों को रीको की ओर से चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड दिए जाएंगे।
- सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा–भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए एक मुश्त समझौता योजना से 36 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा।

000

फिट इंडिया कार्निवल की आज से नई दिल्ली में शुरूआत हो रही है। ये आयोजन पहली बार किया गया है। केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में इसका उद्घाटन करेंगे। तीन दिन चलने वाले इस फिटनेस और वैलनेस उत्सव के जरिए स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली और मोटापा मुक्त राष्ट्र को प्रोत्साहन देना है। इस दौरान रस्सा कूद, क्रिकेट बॉलिंग और साइकिलिंग तथा पंजा लड़ाना सहित अन्य खेलों का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में 20 मार्च से होने वाले खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और गीत भी जारी किये जाएंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय विज्ञान और अनुसंधान केन्द्र के डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक भी इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। ये कार्निवल में आने वाले लोगों को निःशुल्क परामर्श देंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लेक्स फ्रिडमैन के साथ आज प्रसारित होने वाले अपने पॉडकास्ट को सुनने का लोगों से अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसमें श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई है। श्री फ्रिडमैन ने कहा कि उन्होंने तीन घंटे तक प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत की। फ्रिडमैन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उनके जीवन का सबसे प्रभावशाली वार्तालात रहा।

000

आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस है। 1995 से हर साल 16 मार्च को ये दिन मनाया जाता है। इसे राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के नाम से भी जाना जाता है। टीकाकरण से हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। टीकाकरण बीमारियों की रोकथाम और उन्मूलन के सबसे प्रभावी और किफायती कार्यक्रमों में से एक है। ये दिन शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों का आभार व्यक्त करने के साथ ही टीकों से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए भी जागरुक करता है। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि टीकाकरण दिवस पर संक्रामक रोगों से बचाव और स्वास्थ्य रक्षा के लिए टीकों की भूमिका के बारे में लोगों को बताया जा रहा है।

...............

000

राजीविका योजना सरहदी जिले जैसलमेर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वावलंबन की राह पर बढ़ रही हैं। डाबला गांव की लाभार्थी प्रेम कंवर ने बताया कि इस पहल से उनका जीवन बदला है। श्रीमती कंवर ने योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

000

राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के तहत एमओयू होल्डर्स को रीको की ओर से चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड दिए जाएंगे। सरकार ने निवेशकों के लिए आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन की योजना जारी की है। राज्य सरकार के साथ एमओयू कर चुके उद्यमी इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6 हजार 936 भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 28 मार्च है और 3 अप्रैल को इसके लिए लॉटरी निकाला जाना प्रस्तावित है।

गौरतलब है कि राइजिंग राजस्थान में किये गये निवेश करारों को धरातल पर उतारने के लिए ''प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना'' लाई गई है।

000

राज्य सरकार भूमि विकास बैंकों की अवधि पार ऋणों की वसूली के लिए एक मुश्त समझौता योजना लाने जा रही है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि इससे किसानों और लघु उद्यमियों को राहत मिलेगी। साथ ही भूमि विकास बैंकों के लिए भी ये कदम फायदेमंद साबित होगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में कई प्राकृतिक आपदाओं के कारण ऋणी किसानों ने बैंक किस्तें नहीं चुकाई। ऐसे में भूमि विकास बैंकों के अवधि पार ऋण की राशि करीब 760 करोड़ रुपये हो गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में विधानसभा में वित्त और विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान ये घोषणा की थी। इसके लिए दो सौ करोड़ रुपये खर्च करना प्रस्तावित किया गया है, जिससे भूमि विकास बैंकों की ऋण वसूली आसान होगी और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकेगी।

सहकारिता मेंत्री ने बताया कि घोषणा के तहत पिछले साल एक जुलाई को अवधि पार हो चुके ऋण की मूल धन की सौ प्रतिशत राशि जमा कराने पर ब्याज में सौ प्रतिशत राहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश के भूमि विकास बैंकों से जुडे 36 हजार 351 अवधि पार ऋणी सदस्यों को लाभ मिलेगा।

000

प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाएंगे। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कल जयपुर में हुई राज्य पुस्तकालय समिति की बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये पुस्तकालय कोलकाता के एक निजी संस्थान के सहयोग से शुरू किये जाएंगे। इस योजना के तहत पहले चरण में भरतपुर और जोधपुर जिले में 50–50 सार्वजनिक ग्राम पंचायत पुस्तकालय खोले जाएंगे। ये पुस्तकालय ग्राम पंचायत मुख्यालय के भवन में शुरू होंगे। इसमें विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही कैरियर गाइडेंस भी मिलेगी। योजना के अगले चरण में राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोले जाएंगे।

000

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जोधपुर और फलौदी की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति–दिशा की बैठक लेंगे। ये बैठक मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित होगी। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांसद श्री शेखावत जोधपुर और फलौदी क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

000

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की आज जयपुर में बैठक होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में संगठनात्मक और समसामायिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी के महासचिव और मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित विभिन्न पदाधिकारी और विधायक भाग लेंगे।

000

फलौदी में पहली बार कुरजां महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खीचन गांव में कल होने वाले इस उत्सव में आने वाले लोग कुरजां पक्षियों को देख सकेंगे। साथ ही हवेलियों और तालाबों का भ्रमण कर सकेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

.................

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले दो दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इस बीच, पिछले दो–तीन दिनों से हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद प्रदेश में गर्मी का असर थोड़ा कम हुआ है। हालांकि बरसात और ओले गिरने से रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि देर शाम तेज रफ्तार हवाओं के साथ बारिश हुई और जिले में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे।

000